दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को दी मंजूरी। अधिसूचना जारी होने के साथ वक्फ कानून देशभर में लागू।

02. भाजपा आज अपना छियालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। देश और प्रदेश में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

03. रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना के महावीर मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में देर रात से ही श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़।

04. और, मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम में होगा बदलाव। सुपौल, अररिया, किशनगंज और इसके आस–पास के जिलों में बारिश और वज्रपात की आशंका।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को इसी सप्ताह पारित किया था। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में दो सो अट्ठासी और विपक्ष में दो सौ बत्तीस वोट पड़े थे। राज्यसभा में एक सौ अट्ठाईस सदस्यों ने इसके पक्ष में और पंचानवे ने विरोध में मतदान किया था। राष्ट्रपति ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, दो हजार पच्चीस को भी स्वीकृति दे दी है। नये वक्फ कानून के प्रावधानों के तहत वक्फ बोर्ड अब किसी भी संपत्ति पर मनमाने तरीके से अपना दावा नहीं कर सकता है, जबकि विवाद की स्थिति में मामले को अदालत के सामने लाया जा सकता है। नये कानून के अनुसार अब पांच साल तक इस्लाम धर्म को मानने वाला व्यक्ति ही वक्फ को अपनी संपत्ति दान कर सकता है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। बक्सर में संवाददाताओं से

बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में एक लंबे समय से सुधार की आवश्यकता थी और संशोधन विधेयक इसी दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।

———बाइट———

---

भारतीय जनता पार्टी आज अपना छियालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराएंगे। श्री नड्डा पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं से भी बातचीत करेंगे। इधर, प्रदेश में भाजपा स्थापना दिवस समारोह की विशेष तैयारी की गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल पार्टी मुख्यालय में ध्वज फहरायेंगे। इस दौरान पार्टी कार्यालय परिसर में पार्टी से संबंधित जानकारी देने के लिए एक प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि स्थापना दिवस पर बूथ स्तर तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आठ और नौ अप्रैल को प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

---

रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

———म्यूजिक———

रामनवमी को लेकर पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में पूजा–अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी है। मंदिर के पट रात्रि दो बजकर पंद्रह मिनट पर खोल दिये गये। पूजा के लिए महावीर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। पटना के राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि रामनवमी को लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा–अर्चना की विशेष व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना कर रहे हैं। कई जगहों पर शोभा यात्रा भी निकाली जा रही है।

———म्यूजिक———

इधर, रामनवमी पर प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

---

रामनवमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्हें यह विश्वास है कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन और उनके आदर्श विकसित भारत के निर्माण के सशक्त आधार बनेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य राजनीतिज्ञों ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी है। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

---

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना हो रही है।

–––म्युजिक–––

मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें लगी हुई है। कई जगहों पर सामूहिक कन्या पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है।

–––म्युजिक–––

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में तीन नये एयरपोर्ट पर काम चल रहा है। उन्होंने पटना में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश के सात शहरों में उड़ान योजना के तहत उड़ान सेवा को केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल गयी है। जिसमें सहरसा, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वीरपुर, वाल्मीकिनगर, मधुबनी और पूर्णियां शामिल हैं। श्री चौधरी ने कहा कि इसके लिए एक सौ नब्बे करोड़ रूपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गयी है।

–––बाइट–––

---

राज्य में उत्तर–पश्चिमी हवाओं की गति कम होने के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार असम और बंगाल की खाड़ी में हवा का कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम में बदलाव की संभावना है। विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, वैशाली और समस्तीपुर में कल बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे रह सकती है। इधर, विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, मौसम विभाग ने आठ अप्रैल से मौसम में बदलाव के आशंका के मद्देनजर किसानों से खेतों में लगी फसलों को काट लेने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी है।

————————————————————

गया जिले के बोधगया स्थित इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट, आई आई एम ने अपने सातवें दीक्षांत समारोह में वर्ष दो हजार तेईस–पच्चीस सत्र के चार सौ इकहत्तर छात्र–छात्रओं को उपाधि प्रदान की। संस्थान के निदेशक डॉ. विनिता सहाय ने बताया कि इस दौरान तीन शैक्षणिक सत्रों के तीन–तीन छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

————————————————————

बक्सर जिले के गोकुल जलाशय में इस वर्ष पक्षी गणना के दौरान पैंसठ प्रजातियों के पैंतीस सौ पक्षी देखे गए हैं। वन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार यह संख्या पिछले तीन वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। अधिकारी ने कहा कि आम तौर पर गर्मी के मौसम में स्थानीय जलाशयों में पक्षियों की संख्या घट जाती है, लेकिन इस वर्ष पक्षियों की संख्या अधिक देखी जा रही है।

————————————————————

राज्य के सरकारी स्कूलों में गणित विषय की साप्ताहिक परीक्षा ली जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि जांच के दौरान

गणित विषय में छात्रों का प्रदर्शन अच्छा नहीं मिला है। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है। अपर सचिव ने बताया कि बच्चों के होमवर्क की प्रतिदिन वर्ग शिक्षक जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों में हिन्दी और विज्ञान विषय पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी शिक्षकों को दिया गया है।

---

पटना हवाई अड्डे के नये निदेशक के.एम. नेहरा ने कार्य भार सम्भाल लिया है। श्री नेहरा ने पदभार सम्भालने के बाद कहा कि हवाई अड्डे पर यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पटना हवाई अड्डे से कई नयी उड़ानें शुरू हो रही हैं। इसे देखते हुए हवाई अड्डे पर चेक इन के लिए काउंटर बढ़ाये जायेंगे।

---

पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेल मंडल क्षेत्र अंतर्गत चलने वाली ग्यारह रेलगाड़ियों में एलएचबी डिब्बे लगाये जायेंगे। रेलवे के अनुसार दरंभगा–अमृतसर–दरभंगा, दानापुर–जोगबनी–दानापुर समेत अन्य रेलगाड़ियों के रैक बदले जायेंगे।

---

पटना जिले के अगमकुआं थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक व्यावसायी के घर से लगभग एक करोड़ रूपये मूल्य के गहने लूट लिय।

सीतामढ़ी जिले में साइबर ठगों ने एक युवक को डिजिटल अरेस्ट कर लगभग साढ़े बाईस लाख रूपये की ठगी कर ली है।

पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने बाल मजदूरी कराने के लिए ले जाए जा रहे पांच बच्चों को मुक्त कराया लिया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सहरसा जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र में पंचभीड़ा के पास एक गांव में आग लगने से सौ से अधिक घर जलकर नष्ट हो गए।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीलंका दौरे पर लिखा है – भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होगी श्रीलंका की भूमि।

**दैनिक जागरण** ने चुनाव आयोग के एक निर्णय पर शीर्षक दिया है – एक पते पर दस से अधिक वोटर, तो होगी जांच।

**दैनिक भास्कर** ने पुलिस मुख्यालय के एक आदेश को बड़ी खबर बनाया है – अखबार लिखता है– पुलिस मुख्यालय ने अनफिट पुलिसकर्मियों को रिटायर करने का दिया आदेश। दो सौ पुलिसकर्मियों को शुगर, बीपी, हार्ट और किडनी समेत कई बीमारी।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – चौबीस अप्रैल से चलेगी सहरसा–नई दिल्ली अमृत भारत ट्रेन, एक मई से पटना से गाजियाबाद के बीच शुरू होगी पहली सीधी विमान सेवा। **राष्ट्रीय सहारा और आज** अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने वक्फ संशोधन बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी से संबंधित खबर को प्रमुखता दी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को दी मंजूरी। अधिसूचना जारी होने के साथ वक्फ कानून देशभर में लागू।

02. भाजपा आज अपना छियालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। देश और प्रदेश में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

03. रामनवमी का पर्व आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पटना के महावीर मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में देर रात से ही श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़।

04. और, मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम में होगा बदलाव। सुपौल, अररिया, किशनगंज और इसके आस–पास के जिलों में बारिश और वज्रपात की आशंका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।